## जपला स्टेशन पर मालगाड़ी के डब्बे से यात्रियों को परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड–डेहरी ऑन सोन रेलखंड स्थित जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पिछले पांच दिनों से मालगाड़ी के खाली डब्बे खड़े रहने से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में दिक्कत होती है। सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव भी प्लेटफॉर्म नंबर दो पर हो रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्टेशन प्रबंधक ने कहा कि मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाकर डब्बे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# दूल्हा नापसंद, दहेज वापसी के लिए बारातियों को बनाया बंधक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू/गढ़वा।** गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत हासनदाग गांव में एक शादी समारोह के दौरान विवाद खड़ा हो गया। दुल्हन पक्ष द्वारा दूल्हे को नापसंद करते हुए विवाह से इनकार कर दिया गया और तिलक में दिए गए नगद व सामान की वापसी तक बारातियों को कथित तौर पर करीब 12 घंटे तक रोके रखने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के सरहुवा निवासी धनंजय चौधरी की शादी हासनदाग गांव निवासी राजेंद्र चौधरी की पुत्री से तय हुई थी। 20 फरवरी को तिलक एवं 24 फरवरी को बारात पहुंची थी। द्वार पूजा और वैवाहिक रस्में सामान्य रूप से संपन्न हुईं, लेकिन विदाई के समय विवाद उत्पन्न हो गया। दूल्हे के पिता दिनेश चौधरी ने बताया कि शादी की रस्मों के दौरान दूल्हा तीन-चार घंटे तक लगातार बैठा रहा, जिससे उसका पैर शिथिल हो गया और उठने में थोड़ी देर हुई। आरोप है कि इसी आधार पर दुल्हन पक्ष ने दूल्हे को दिव्यांग बताते हुए शादी से इनकार कर दिया। दूल्हे पक्ष का कहना है कि बुधवार सुबह करीब 5 बजे से शाम 5 बजे तक बारातियों को वहीं रोके रखा गया। मामले को सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। अंततः दोनों पक्षों के खर्च को अलग रखते हुए तिलक में दिए गए नगद व सामान की वापसी पर सहमति बनी। इसके बाद बारातियों को जाने दिया गया। दिनेश चौधरी ने बताया कि शादी अक्टूबर 2025 में तय हुई थी और विवाह से पूर्व उनका पुत्र कई बार ससुराल भी गया था। उस दौरान किसी प्रकार की आपत्ति नहीं जताई गई। उन्होंने दावा किया कि विवाह में लगभग साढ़े पांच से छह लाख रुपये खर्च किए गए। बारात में शामिल ग्रामीणों ने भी कहा कि धनंजय दिव्यांग नहीं है और केवल लंबे समय तक बैठे रहने के कारण अस्थायी परेशानी हुई थी। घटना को लेकर दोनों परिवारों की सामाजिक प्रतिष्ठा पर असर पड़ने की चर्चा क्षेत्र में हो रही है।



## चेचारिया मोड़ पर अवैध चिप्स लदा टिप्पर जब्त



**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के चेचारिया मोड़ के समीप पुलिस ने अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पत्थर चिप्स से लदा एक टिप्पर जब्त किया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि नियमित जांच अभियान के दौरान वाहन को रोका गया। जांच में वैध कागजात नहीं मिलने पर टिप्पर को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया है। मामले की सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दे दी गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध खनिज परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

## होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना परिसर में गुरुवार को होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी समन्वय को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) एस. मोहम्मद याकूब ने कहा कि होली आपसी एकता और भाईचारे का पर्व है, जिसे शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित थाना को देने की अपील की। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि हुसैनाबाद में सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर पर्व मनाने की परंपरा निभाते आए हैं, जिसे आगे भी कायम रखा जाए। उन्होंने लोगों से भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने और किसी भी अफवाह की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की। बैठक में महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता, एसआई मुकेश कुमार, रमन यादव, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मुत्तवली सैयद तक्की हुसैन रिजवी, विश्व हिंदू परिषद के लोकनाथ केशरी, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, फिरोज हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### होली शांति व सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय



**मोहम्मदगंज।** थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में होली पर्व को शांति और भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। पुलिस इंस्पेक्टर विनोद राम ने कहा कि पर्व के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक के बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया।

## चैनपुर पुलिस का सघन वाहन जांच अभियान

- कागजात और हेलमेट के अभाव में 15 मोटरसाइकिल जब्त, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** पुलिस द्वारा गुरुवार को थाना मुख्य गेट के समीप, शाहपुर विवेकानंद चौक चेक पोस्ट तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दर्जनों दोपहिया एवं अन्य वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र तथा हेलमेट की जांच की गई। आवश्यक कागजात नहीं होने और हेलमेट का उपयोग नहीं करने के कारण 15 मोटरसाइकिलों को जब्त करते हुए चालान किया गया। मौके पर वाहन जांच का नेतृत्व कर रहे एएसआई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र की विभिन्न मुख्य सड़कों पर नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कागजातों की कमी और सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है तथा आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके और कानूनी कार्रवाई से भी बचाव हो सके।




## होली व रमज़ान को लेकर नौडीहा बाजार में शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** होली और रमज़ान पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने की। बैठक में छतरपुर पुलिस इंस्पेक्टर द्वारिका राम, जिला परिषद सदस्य सुदामा प्रसाद, प्रखंड प्रमुख रेशमा कुमारी समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने कहा कि दोनों पर्व एक साथ पड़ रहे हैं, ऐसे में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट पर ग्रुप एडमिन व संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इंस्पेक्टर द्वारिका राम ने कहा कि होली और रमज़ान दोनों ही समुदायों के लिए महत्वपूर्ण पर्व हैं। आपसी भाईचारा और सहयोग से ही शांति व सौहार्द कायम रखा जा सकता है।




### होली को लेकर सतबरवा थाना में शांति समिति की बैठक

## सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का आह्वान, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** आगामी होली पर्व के मद्देनजर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने किया। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। बीडीओ श्री तिर्की ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने संयम एवं जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए अफवाहों और हुड़दंग से बचने की सलाह दी। थाना प्रभारी श्री राणा ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण वातावरण में होली मनाने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार, आशीष सिन्हा, विजय पाठक, अरविंद सिंह, भोला राम, आनंद सिंह, एसआई प्रदीप कुमार, एएसआई राजीव कुमार, सुबोध कुमार, पप्पू सिंह, भोला मेहता, सिकंदर भुइयां, मोहम्मद रब्बानी अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## एनएसजी-5 श्रेणी का हैदरनगर स्टेशन बदहाल



**सुरेंद्र प्रसाद**

**हैदरनगर।** देशभर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, लेकिन एनएसजी-5 श्रेणी में शामिल हैदरनगर रेलवे स्टेशन अब भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। करोड़ों रुपये स्वीकृत होने के बावजूद यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर कोच डिस्प्ले बोर्ड और पर्याप्त यात्री शेड जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अंकु सिंह राणा ने कहा कि जहां कर्नाटक के बंटवाल स्टेशन और गुजरात के भाटिया स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, वहीं हैदरनगर स्टेशन पर यात्रियों को धूप और बारिश में खड़ा रहना पड़ता है। डॉ. अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार और सुधीर कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने विकास कार्यों की पारदर्शी समीक्षा और उच्चस्तरीय निरीक्षण की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निम्न श्रेणी के स्टेशन आधुनिक हो सकते हैं तो एनएसजी-5 का यह स्टेशन विकास से वंचित क्यों है, इसका जवाब रेलवे प्रशासन को देना चाहिए।

# आठ साल बाद भी शुरू नहीं हो सका बस पड़ाव

- 50 लाख की लागत से बना भवन रखरखाव के अभाव में बदहाल, बाजार और यात्रियों को नहीं मिल पा रहा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रविवारीय साप्ताहिक बाजार के समीप निर्मित बस पड़ाव का भवन आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी चालू नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार इसका निर्माण पलामू जिला परिषद मद से 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से कराया गया था। हालांकि, उद्घाटन और संचालन के अभाव में यह भवन अब लावारिस स्थिति में पहुंच गया है। रखरखाव नहीं होने के कारण पूरे परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। भवन के दरवाजे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और रंग-रोगन भी फीका पड़ गया है। निर्माण के समय लोगों में उम्मीद जगी थी कि बस पड़ाव शुरू होने से न केवल यात्रियों को एक सुरक्षित और व्यवस्थित ठहराव स्थल मिलेगा, बल्कि आसपास के बाजार का भी व्यावसायिक विकास होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह बस पड़ाव चालू हो जाता तो इसे अंतरराज्यीय बस पड़ाव के रूप में विकसित किया जा सकता था। इससे स्टेशन रोड, नहर चौक और मुख्य सड़क पर बड़ी-छोटी सवारी गाड़ियों के अनियंत्रित ठहराव की समस्या भी दूर हो जाती, जिससे आवागमन सुगम होता। वर्तमान में मुख्य सड़क पर ही वाहनों के रुकने से यातायात प्रभावित होता है। हालांकि, भवन का उपयोग कभी-कभार शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यक्रमों या सभा-बैठकों के लिए कर लिया जाता है, लेकिन जिस उद्देश्य से इसका निर्माण कराया गया था, वह अब तक पूरा नहीं हो सका है। निर्माण के दौरान आसपास के दुकानदारों को उम्मीद थी कि बस पड़ाव चालू होने से उनकी रोजी-रोजगार में वृद्धि होगी, लेकिन संचालन नहीं होने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से मांग की है कि अविलंब बस पड़ाव को चालू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के विकास को गति मिल सके और यात्रियों को सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध हो सके।



## देवरी ओपी पुलिस ने दो आरोपियों को भेजा जेल




**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय कारा पलामू भेज दिया। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद थाना कांड संख्या- 38/26, धारा 80(2)/3(5) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त प्रतिमा देवी एवं प्रदीप कुमार चौधरी, दोनों निवासी देवरीकला (पहाड़ी पर), को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

### लंगरकोट में नौ दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया प्राण प्रतिष्ठा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** लंगरकोट गांव स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवधाम परिसर में आयोजित नौ दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ गुरुवार को हवन-पूजन और भंडारे के साथ संपन्न हो गया। मुख्य आचार्य श्री श्री 1008 फालहारी बाबा, आचार्य राघवेन्द्र महाराज और आचार्य गोविंदाचार्य के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा एवं ज्योतिर्लिंग महारुद्राभिषेक कराया गया। यज्ञ के समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने 12 से 15 घंटे तक यज्ञशाला की परिक्रमा की। कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष अशोक सिंह, महंत विनय कुमार सिंह त्यागी सहित कई गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### संत गाडगे महाराज की जिला स्तरीय जयंती 1 मार्च को

**हुसैनाबाद।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के बैनर तले 1 मार्च 2026 को मेदिनीनगर के बिस्फूटा के पास बाजराहा में संत गाडगे महाराज की जिला स्तरीय जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के कारण 23 फरवरी को कार्यक्रम नहीं हो सका था। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा तथा उद्घाटनकर्ता के रूप में पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम शामिल होंगे। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## किशुनडीह टोला आज भी मुख्य पथ से नहीं जुड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किशुनडीह टोला आज तक मुख्य पथ से नहीं जुड़ सका है। महज 300 फीट दूरी के बावजूद ग्रामीणों को पगडंडी के सहारे आवागमन करना पड़ता है। बरसात में जलजमाव से स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में पीसीसी पथ बना था, जो अब जर्जर हो चुका है। इसी रास्ते से कई गांवों के लोग साप्ताहिक बाजार, श्मशानघाट और मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से जल्द पक्की सड़क निर्माण की मांग की है और तीसरी बार विधायक बने संजय कुमार सिंह यादव से इस दिशा में पहल की उम्मीद जताई है।



## न्यूज बॉक्स

### नगरपालिका आम निर्वाचन-2026: मतगणना स्थल के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू



**गढ़वा।** नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने गढ़वा कृषि उत्पादन बाजार समिति स्थित मतगणना परिसर तथा उसके 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के अंतर्गत यह आदेश जारी किया है। मतगणना 27 फरवरी को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी, जबकि निषेधाज्ञा सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी। आदेश के तहत निर्धारित क्षेत्र में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिकृत अभिकर्ताओं, प्रत्याशियों एवं सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होगा। मतगणना परिसर में प्रवेश केवल वैध पहचान पत्र एवं अधिकृत प्रवेश पत्र के आधार पर होगा। प्रत्येक व्यक्ति की अनिवार्य तलाशी ली जाएगी, जबकि महिलाओं की तलाशी महिला कर्मियों द्वारा ही की जाएगी। बिना वैध वाहन पास के किसी भी वाहन का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। परिसर में शस्त्र, आग्नेयास्त्र, विस्फोटक सामग्री, मोबाइल फोन, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना वर्जित रहेगा। साथ ही धरना, प्रदर्शन, जुलूस, नारेबाजी, रंग-अबीर-गुलाल का प्रयोग तथा आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से सहयोग की अपील की है।

### मतगणना के मद्देनज़र जनसुनवाई व न्यायालय कार्य स्थगित

**गढ़वा।** नगरपालिका आम चुनाव–2026 की मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से 27 फरवरी (शुक्रवार) को प्रस्तावित जनसुनवाई एवं न्यायालय कार्य स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव की अध्यक्षता में लिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतगणना एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके सफल संचालन के लिए अधिकारियों एवं कर्मियों की सक्रिय उपस्थिति आवश्यक है। इसी कारण उक्त तिथि को जनसुनवाई एवं न्यायालय कार्य स्थगित रहेगा। अस्थायी स्थगन से नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए प्रशासन ने खेद व्यक्त किया है। जनसुनवाई एवं न्यायालय कार्य की अगली तिथि, समय और स्थान की सूचना शीघ्र ही समाचार पत्रों, आधिकारिक वेबसाइट एवं अन्य अधिकृत माध्यमों से जारी की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### जन्म प्रमाण पत्र के लिए चार माह से भटक रहा ग्रामीण



**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र के कूपा गांव निवासी अजय विश्वकर्मा अपनी 11 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पिछले चार माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। अजय विश्वकर्मा ने बताया कि बेटी का आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेज कई बार जमा किए, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर एक हजार रुपये की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर उन्हें ब्लॉक कार्यालय जाने को कहा गया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है और बिचौलियों का बोलबाला है। इस मामले में पूर्व प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने दूरभाष पर पंचायत सचिव से संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली और आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने की चेतावनी दी। चौधरी ने कहा कि यदि शीघ्र जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया तो उपायुक्त, गढ़वा से लिखित शिकायत की जाएगी और आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से ऐसे मामलों की निगरानी कर दोषी कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं, कूपा के ग्राम सेवक बिनोद पासवान ने रिश्वत मांगने के आरोप को निराधार बताया। उनका कहना है कि पूर्व ग्राम सेवक राजेंद्र राम दो माह पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके हैं और नई आईडी अब तक जारी नहीं हुई है, जिसके कारण कार्य प्रभावित हो रहा है।

---

#### आज होगी मतगणना, 33 टेबलों पर गिने जाएंगे मत

# तीन नगर निकायों के लिए अलग-अलग चरणों में होगी गिनती, प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के तीनों नगर निकायों में 23 फरवरी को 89 मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अब 27 फरवरी को गढ़वा कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में मतगणना कराई जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त दिनेश यादव ने गुरुवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतगणना सुनिश्चित करने पर बल दिया। गढ़वा नगर परिषद के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं, जहां मतगणना तीन चरणों में होगी। नगर पंचायत श्रीबंशीधर नगर के लिए 10 टेबल निर्धारित किए गए हैं और वहां तीन राउंड में मतों की गिनती की जाएगी। नगर पंचायत मझिआंव के लिए 9 टेबल की व्यवस्था की गई है, जहां दो चरणों में मतगणना होगी। इस प्रकार कुल 33 टेबलों पर मतों की गणना की जाएगी। मतगणना प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए 33 से अधिक पर्यवेक्षकों एवं 66 से अधिक सहायकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतगणना राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाएगी।

### भोजपुर गांव में भीषण आग से तबाही

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में गुरुवार सुबह शिवपतिया कुंवर के घर में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों के अनुसार आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। शिवपतिया कुंवर के पुत्र विजय साह ने बताया कि घर में रखा अनाज, कपड़ा, बक्सा सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। इसके अलावा घर निर्माण की तैयारी के लिए लोन के रूप में लिए गए दो लाख रुपये नकद भी आग की चपेट में आ गए। विजय साह के अनुसार इस हादसे में लगभग पांच लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दमकल विभाग को बुलाया। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

#### एनएच पर दर्दनाक सड़क हादसा

## ट्रेलर की चपेट में आने से कॉलेज क्लर्क की मौत, तीन घंटे सड़क जाम



नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-343 पर विश्रामपुर मिशन मोड़ के समीप गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में गुरुपद डीएड कॉलेज के क्लर्क बडींग सर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि सुबह करीब आठ बजे वे अपने घर से दैनिक उपयोग का सामान लेने निकले थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मालवाहक ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह आठ बजे से 11 बजे तक एनएच-343 को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। सूचना पर पहुंचे अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी एवं अनुमंडल पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा के समझाने के बाद जाम समाप्त कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## धान खरीद में गड़बड़ी पर बड़ी कार्रवाई, दो कर्मी निलंबित

- पैक्स और फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की लाइसेंस रद्द करने का निर्देश, 25% कमीशन कटौती

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में धान अधिप्राप्ति में अनियमितता की शिकायतों पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान खरीद से जुड़े मामलों की जांच के बाद उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव ने दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई का आदेश दिया है। मामला गढ़वा एवं खरौंधी प्रखंड से संबंधित है।

### अतिरिक्त धान और अवैध वसूली की पुष्टि




प्रखंड के दुबे मरहटिया पैक्स के विरुद्ध जन सुनवाई में शिकायत मिली थी कि धान क्रय के दौरान किसानों से प्रति क्विंटल 5 किलोग्राम अतिरिक्त धान लिया जा रहा था और तौल के नाम पर 20 रुपये प्रति क्विंटल की वसूली की जा रही थी। जांच में आरोप सही पाए गए। प्रशासन ने दुबे मरहटिया पैक्स के कमीशन में 25 प्रतिशत की कटौती करते हुए भुगतान का निर्देश दिया है। साथ ही जिला सहकारिता पदाधिकारी को पैक्स की अनुज्ञप्ति रद्द करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है। मामले में निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त जनसेवक भागीरथी रवि को कार्य में लापरवाही और स्वेच्छाचारिता के आरोप में निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं, कंप्यूटर ऑपरेटर स्वेता कुमारी को अनुपस्थित पाए जाने पर कार्यमुक्त करते हुए अन्य ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया है।

### बिना अनुमति बदला गया क्रय केंद्र

प्रखंड की सोना-सोबरन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के विरुद्ध भी धान खरीद में अनियमितता की शिकायत मिली थी। जांच में पाया गया कि किसानों से प्रति क्विंटल 5 किलोग्राम अतिरिक्त धान लिया जा रहा था। साथ ही निर्धारित स्थल मध्य विद्यालय राजी के बजाय बिना अनुमति ग्राम सुंडी स्थित एक निजी मकान में क्रय केंद्र संचालित किया जा रहा था, जो नियम विरुद्ध पाया गया। प्रशासन ने कंपनी के कमीशन में 25 प्रतिशत कटौती का निर्देश देते हुए जिला कृषि पदाधिकारी को कंपनी की अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई करने को कहा है। इस मामले में प्रतिनियुक्त पंचायत सेवक कृष्ण कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जबकि कंप्यूटर ऑपरेटर दिनेश कुमार गुप्ता को कार्यमुक्त करने का आदेश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान अधिप्राप्ति में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

### डायन के शक में तीन वर्षीय मासूम की हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा उरांव टोला में तीन वर्षीय मासूम की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। डायन-बिसाही के शक में पिता-पुत्र ने मिलकर बच्चे को जहर खिलाकर मार डाला। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में बरडीहा थाना कांड संख्या 10/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 24 फरवरी को मीरा देवी, पति जितेंद्र उरांव उर्फ जयनेन्द्र उरांव, निवासी ओबरा उरांव टोला, ने अपने तीन वर्षीय पुत्र अनुराग उरांव के लापता होने की सूचना थाने में दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। 25 फरवरी को बच्चे का शव घर से करीब 100 मीटर दूर रहर के खेत से बरामद हुआ। अनुसंधान के दौरान गुप्त सूचना और परिजनों के संदेह के आधार पर गांव के ही ललन उरांव और उसके पुत्र विशाल उरांव से पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 4 जनवरी को ललन उरांव की पत्नी शोभा देवी की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। आरोपियों को शक था कि मीरा देवी ने डायन-भूत कर उनकी पत्नी की जान ली। इसी अंधविश्वास और रंजिश में 23 फरवरी की शाम करीब चार बजे मासूम को बहला-फुसलाकर मिट्टी के घर में ले जाकर सलफास खिलाकर हत्या कर दी गई। इसके बाद 24 फरवरी की भोर में शव को बोरे में भरकर रहर के खेत में फेंक दिया गया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल से जूट का बोरा, सलफास की दो पर्चियां, भूरा रंग का गंधयुक्त पाउडर, सलफास की प्लास्टिक पुड़िया और एक सफेद प्लास्टिक बोरा बरामद किया है। इस जघन्य घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### पेंशन भुगतान में 6 माह की देरी से आक्रोश

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन की राशि पिछले पांच से छह माह से लंबित रहने के कारण लाभुकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पेंशन बंद होने से कई बुजुर्ग महिला-पुरुषों के समक्ष भरण-पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। उनका कहना है कि जीवन के इस अंतिम पड़ाव पर वे शारीरिक रूप से श्रम करने में असमर्थ हैं और सरकारी पेंशन ही उनका एकमात्र सहारा है। पेंशनधारी छोटू राम, रामस्वरूप, महेंद्र प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, जगदीश प्रजापति, रामप्रसाद प्रजापति, कबूतरी कुंवर, मरची देवी, कुंती कुंवर, दुखनी देवी, जमीला देवी, सुगिया देवी, भगमती देवी, जीरा देवी सहित दर्जनों लाभुकों ने बताया कि पिछले पांच-छह माह से पेंशन की राशि उनके बैंक खातों में नहीं आई है।

**शपथ पत्र**

मैं, संतोष प्रजापति पिता नरेश प्रजापति, ग्राम-हुरका, पोस्ट-मझिगांवा, थाना- भवनाथपुर, जिला- गढ़वा, राज्य-झारखण्ड का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र का आधार सं0- 4334 1140 3600 के अनुसार नाम प्रिंसपल प्रजापति है जो गलत है जबकि जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम देवनंदन प्रजापति है तथा जन्म तिथि 26.09.2016 ई० है जो सही है। मैं अपने पुत्र का नाम आधार कार्ड में प्रिंसिपल से हटाकर देवनंदन प्रजापति करा सकूं

**शपथ पत्र संख्याः** 07/769, **दिनांक** 02/02/2026

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लोहरदगा (झारखण्ड)**

**फिरार अभियुक्त की तलाश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भण्डरा थाना काण्ड सं0–10/2022, दिनांक–26.02.2022 धारा–363/365/366(A)/376 भा0द0वि0 एवं 06 पोक्सो एक्ट तथा स्पेशल पोक्सो सं0–52/2022 में दोषसिद्ध अभियुक्त दीपक लोहरा, पे0–राधे लोहरा उर्फ राधेश्याम लोहरा, सा0–पण्डिरया, थाना–भण्डरा, जिला–लोहरदगा फिरार है। माननीय न्यायालय से प्राप्त इस्तेहार को दिनांक 08.09.2025 को विधिवत दो स्वतंत्र गवाहों के समक्ष चश्पा (तामिला) किया जा चुका है परन्तु उक्त अभियुक्त अभी तक माननीय न्यायालय अथवा थाना में आत्मसमर्पण नहीं किया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा छमापारी के क्रम में अभियुक्त फिरार पाया जा रहा है। दोषसिद्ध अभियुक्त दीपक लोहरा को दिनांक–25.03.2026 तक माननीय न्यायालय अथवा थाना में आत्मसमर्पण हेतु आदेशित किया जाता है आत्मसमर्पण नहीं करने पर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार अग्रतर कानुनी कार्रवाई की जाएगी यदि किसी भी व्यक्ति को दोषसिद्ध अभियुक्त दीपक लोहरा, पे0–राधे लोहरा उर्फ राधेश्याम लोहरा, सा0–पण्डिरया, थाना–भण्डरा, जिला–लोहरदगा प्राथमिकी के बारे में कोई भी जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।



Email:-sp-lohardaga@jhpolice.gov.in
फैक्स : 224097
दुरभाषः 06526–222370

पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा (झारखण्ड)
दुरभाष:9431706218
वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु0),
दुरभाषः 9955930072
थाना प्रभारी, भण्डरा थाना।
दुरभाषः 9798829653

PR 373710 Chatra(25-26).D

पुलिस अधीक्षक,
लोहरदगा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
**आम सूचना–I**
**नियंत्रण कक्ष की स्थापना संबंधी सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को चालू कर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्डवार नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित शिकायत प्रखण्ड के विरूद्ध नामित सहायक अभियंता/प्राक्कलन पदाधिकारी/कनीय अभियंता के मोबाईल नम्बर पर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे।

(क) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष : E-mail ID – eedwsd.medininagar@gmail.com

| क्र0 सं0 | नियंत्रण कक्ष स्थल | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष/मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय, E.E - Mob. & Whatsapp No. 9431964613 | मो0 सलीम अंसारी, निम्न वर्गीय लिपिक – 9939186845<br>फैसल आलम, निम्न वर्गीय लिपिक – 7488425718<br>श्री मनोज कुमार सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक – 9153725151 |
| 2 | राज्य स्तरीय Call Centre | 1800-3456-502 (Toll Free no.) & Mob No. 9470176901<br>E-mail ID – callcentredwsd.jharkhand@gmail.com |

(ख) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष

| क्र0सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम | प्रखंड का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री राजेश कुमार सिंह,** सहायक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला/पाँकी/मेदिनीनगर। | मेदिनीनगर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा, विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डु, उंटारी रोड़, लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी, पाँकी, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, छतरपुर, नौडीहा बाजार | 8987526732 |
| 2. | **श्री निरंकार प्रसाद,** कनीय अभियंता | हरिहरगंज, पीपरा | 7033635734 |
| 3. | **श्री बिरेन्द्र कुमार सिंह** कनीय अभियंता | हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज | 8210573569 |
| 4. | **श्री सतीश कुमार,** कनीय अभियंता | चैनपुर, रामगढ, पाटन, पड़वा | 7909050800 |
| 5. | **श्री सुमन कुमार,** कनीय अभियंता | लेस्लीगंज, मेदिनीनगर, सतबरवा | 9304547779 |
| 6. | **श्री श्रीकान्त कुमार,** कनीय अभियंता | पाँकी, विश्रामपुर, नावा बाजार, उँटारी रोड, पाण्डू | 8700546515 |
| 7. | **श्री ऋतुराज सिंह,** कनीय अभियंता | मनातू, तरहसी | 9525309700 |
| 8. | **श्री कुन्दन कुमार,** कनीय अभियंता | छत्तरपुर, नौडीहा बाजार | 9123228839 |

उपर्युक्त के अलावे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है, जो कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय के संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राप्त हो सकेंगी तथा चापाकल मरम्मति यथाशीघ्र सुनिश्चित की जायेगी।

अपनी शिकायत 9939186845 No. पर Whats app के जरिये भी भेज सकते हैं।

(जेसन होरो)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,मेदिनीनगर।

PR 373679 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

---

#### मेराल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

## होली, ईद व रामनवमी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

- सरकारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और सख्ती से पालन करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेराल।** थाना परिसर में गुरुवार को होली, ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख दीप माला कुमारी ने की। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने उपस्थित लोगों को त्योहारों से संबंधित सरकारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने पटाखों के उपयोग पर रोक लगाने और त्योहार के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती का भरोसा दिलाया। बैठक में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे के साथ सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

### पंचायत सहायकों ने बकाया भुगतान की मांग उठाई

**गढ़वा।** पंचायत सहायक संघ के जिला अध्यक्ष लवकुश प्रजापति के नेतृत्व में गुरुवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पंचायत सहायकों की लंबित प्रोत्साहन सह सम्मान राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 सहित पूर्व वर्षों की राशि अब तक लंबित है, जिससे पंचायत सहायकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि होली और ईद जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए समय पर भुगतान किया जाना अत्यंत आवश्यक है।
संघ ने प्रशासन से जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

## नगरपालिका आम निर्वाचन-2026: मतगणना को लेकर संयुक्त ब्रीफिंग

# त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के तहत 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने उपस्थित दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं मतगणना कार्य में संलग्न कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना चरण को पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित प्रोटोकॉल एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने मतगणना हॉल में प्रवेश व्यवस्था, पहचान पत्र की सघन जांच, पास प्रणाली के कड़ाई से अनुपालन तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना केंद्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी। परिसर के अंदर और बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने या अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ब्रीफिंग के दौरान बैलेट बॉक्सों की सुरक्षित हैंडलिंग, गणना टेबलों पर सतत निगरानी, अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध, मतगणना हॉल में अनुशासन बनाए रखना तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया गया।

प्रशासन की ओर से सभी अभ्यर्थियों एवं उनके अधिकृत अभिकर्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए मतगणना प्रक्रिया में सहयोग करें, ताकि निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

इस अवसर पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पांच माह के बकाया वेतन को लेकर चौकीदारों ने सौंपा आवेदन

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र के चौकीदारों ने पांच माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर अंचल अधिकारी को सामूहिक आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया है कि अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक का वेतन तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का बकाया अब तक नहीं मिला है, जिससे गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। चौकीदारों ने कहा कि नियमित वेतन नहीं मिलने से परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई एवं दैनिक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

### माओवादी रविंद्र गंझू के घर चिपकाया इश्तेहार

**चंदवा।** माननीय न्यायालय के आदेश एवं एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में चंदवा पुलिस ने कुख्यात माओवादी रविंद्र गंझू के घर इश्तेहार तामील किया। थाना क्षेत्र के हेसला गांव में कांड संख्या 135/22 एवं 122/22 के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में रविंद्र गंझू नामजद अभियुक्त है और लंबे समय से फरार है। न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में सअनि अंजन राय सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### होली, रमजान व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**लातेहार।** सदर थाना परिसर में होली, रमजान एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने की। बैठक में अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, पुलिस निरीक्षक रामाकांत गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का पर्व है, इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजाने और शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस प्रशासन ने पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी रहने की बात कही। बैठक के बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### उत्सव या उन्माद? डीजे संस्कृति पर उठे सवाल

**प्रतापपुर (चतरा)।** पूजा-पाठ, शादी-विवाह या जन्मदिन हर आयोजन में डीजे अब अनिवार्य सा हो गया है। लेकिन तेज ध्वनि और सड़क पर घंटों नाच-गाने की प्रवृत्ति ने सामाजिक चिंता बढ़ा दी है। चिकित्सकों के अनुसार अत्यधिक शोर से उच्च रक्तचाप, मानसिक तनाव, हार्ट अटैक और सुनने की क्षमता में कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध के बावजूद नियमों का पालन नहीं हो रहा। बारात के दौरान मुख्य सड़कों पर डीजे लगाकर यातायात बाधित करना दुर्घटनाओं को आमंत्रण देता है। कई बार अश्लील गीतों और उन्मादी नृत्य से सामाजिक मर्यादा पर भी प्रश्न उठते हैं। प्रशासन और समाज दोनों को संतुलन बनाना होगा उत्सव हो, लेकिन अनुशासन के साथ।

### नल-जल योजना पर सवाल: कागजों में पूरी, जमीन पर अधूरी

**प्रतापपुर (चतरा)।** शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू नल-जल योजना प्रतापपुर प्रखंड में सवालों के घेरे में है। कई गांवों में नल तो लगाए गए हैं, लेकिन पानी नहीं पहुंच रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि कई जगह सोलर प्लेट गायब हैं, कहीं टंकी नहीं बनी और कई स्थानों पर पाइपलाइन अधूरी है। इसके बावजूद योजना को पूर्ण घोषित कर भुगतान कर दिया गया। गर्मी आने से जल संकट गहराने की आशंका है। ग्रामीणों ने भौतिक सत्यापन और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### मतगणना स्थल पर थ्री-लेयर सुरक्षा व्यवस्था




**लातेहार।** नगर पंचायत चुनाव की मतगणना पॉलिटेक्निक कॉलेज लातेहार में संपन्न कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर थ्री-लेयर सिक्योरिटी की व्यवस्था की गई है, ताकि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके। प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। केवल अधिकृत कर्मियों और प्रत्याशियों के अधिकृत प्रतिनिधियों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

## मतगणना आज, प्रशासन ने पूरी की तैयारी

# उपायुक्त व एसपी ने मतगणना केंद्र का किया संयुक्त निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** 23 फरवरी को संपन्न नगर निकाय चुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना से पूर्व 26 फरवरी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पॉलिटेक्निक कॉलेज लातेहार स्थित मतगणना केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतगणना कक्ष, प्रवेश एवं निकास द्वार, बैरिकेडिंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था सहित सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं का बारीकी से जायजा लिया।

उपायुक्त ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतगणना संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतगणना केंद्र परिसर में केवल वैध पासधारकों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। अतिरिक्त बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को मतगणना केंद्र एवं उसके आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरतने को कहा। किसी भी प्रकार की अफवाह पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित प्रशासन व पुलिस विभाग के कई अधिकारी उपस्थित थे।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 103 चालकों से 1.03 लाख जुर्माना वसूला

**लातेहार।** होली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बढ़ा दी है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट एवं ट्रिपल लोडिंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सीसीटीवी आधारित ऑनलाइन चालान प्रणाली के माध्यम से कुल 103 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 1,03,000 का जुर्माना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने बताया कि चंदवा प्रखंड के इंदिरा चौक से 19, बालूमाथ प्रखंड के मुरपा चौक से 36 तथा लातेहार के धरमपुर चौक से 48 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से की गई है तथा चालान की प्रति वाहन स्वामी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

### तमाम कोशिशों के बावजूद पोस्ता फल से अफीम निकालने का कार्य जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** जिला प्रशासन के निर्देशों के बावजूद कुंदा थाना क्षेत्र के कई गांवों एवं जंगलों में अवैध पोस्ता की खेती किए जाने की सूचना है। सूत्रों के अनुसार ककनातू, नवाडीह, बाचकुम एवं रगनीयातरी सहित अन्य क्षेत्रों में पोस्ता फल से अफीम निकालने का कार्य जारी है। प्रशासन द्वारा अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद गतिविधि पूरी तरह थमती नजर नहीं आ रही है। स्थानीय लोगों ने इस पर चिंता जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक सिंदरी गांव में विनिष्टीकरण अभियान चलाया गया था, लेकिन अब भी कुछ क्षेत्रों में पोस्ता की खेती शेष है और अफीम निकालने की प्रक्रिया जारी है।

## मतगणना को लेकर अभ्यर्थियों के साथ प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित

# पारदर्शी व निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों की दी गई विस्तृत जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को डीआरडीबी सभागार में सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक में लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र के अध्यक्ष पद हेतु नामांकित सभी अभ्यर्थी तथा सभी वार्ड पार्षद पद के अभ्यर्थी उपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मतगणना कार्य पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील की कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए प्रशासन को सहयोग करें, ताकि प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो सके। प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज ने मतगणना कक्ष में प्रवेश की प्रक्रिया, पहचान पत्र की अनिवार्यता, पास निर्गत करने की व्यवस्था, टेबलवार मतगणना प्रणाली तथा आपत्तियों के निवारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान अभ्यर्थियों को मतगणना के समय आचार संहिता का पालन करने, अनावश्यक भीड़-भाड़ से बचने तथा शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की हिदायत दी गई। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि मतगणना कार्य विधि-सम्मत, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नगरपालिका चुनाव 2026: मतगणना की सख्त तैयारी

**चतरा।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की मतगणना 27 फरवरी को होगी। उपायुक्त कीर्तिश्री ने चतरा कॉलेज स्थित केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्था की समीक्षा की। सीसीटीवी, बैरिकेडिंग और पास प्रणाली लागू रहेगी।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
**जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401**
**दूरभाष: (06541) 253924, इमेल–chatrajepc@ymail.com**

**आम–सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झा.शि.प. परिषद् राँची के पत्रांक GE/08/163/2022-23/1811 दिनांक 09.05.2025 के आलोक में विज्ञापन संख्या–1058 दिनांक 08.07.2025 द्वारा चतरा जिले मे संचालित 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पूर्ण तया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर शिक्षिकाओं के रिक्त पदो पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से अंकित शर्तो के अधीन विहित प्रपत्र में आवेदन **25.07.2025** तक निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये गये। तत्पश्चात् गठित समिति द्वारा अन्तर्वीक्षा हेतु अभ्यर्थियों का नाम अंतिमीकरण किया गया। उक्त पदो पर चयन हेतु अभ्यर्थियों का अन्तर्वीक्षा उपायुक्त, चतरा की अध्यक्षता में दिनांक 07.03.2026 को (DRDA) जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा के सभागार कक्ष में पूर्वाह्न 11:00 बजे से आहूत की गई है।

अन्तर्वीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति के साथ निर्धारित तिथि, समय व स्थल पर भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.inij उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा.शि.प., चतरा

PR 373644 Jharkhand Education Project Council(25-26).D



**झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**कार्यालय:- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल, वन भवन, चतरा**
**E-mail : dfo-chatrasouth@gov.in Phone : 8987790213**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल अंतर्गत तपेज में अवस्थित काष्ठ संग्रहण केन्द्र में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ निर्धारित नीलामी तिथि 18.03.2026 को 02.00 बजे अपराहन तक प्रमण्डलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन निविदादाता या उसके प्रतिनिधि के समक्ष 3.00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। किसी भी लॉट के लिए उच्चतम मूल्य/उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अधोहस्ताक्षरी बाध्य नहीं होंगें एवं उसे बिना कोई कारण बताये बिक्री से हटा लेने या रद्द करने के लिए सक्षम होगें। निविदा स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदित मूल्य का 15 प्रतिशत प्रतिभूति राशि सफल निविदादाता को दो दिनों के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा एवं 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर पूरी राशि एवं बिक्री कर, अन्य देय करों सहित जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अंदर पूरी राशि जमा नहीं कर पाते हैं तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन/प्रतिभूति राशि बिना कोई कारण बताये राज्यसात कर ली जायेगी। निविदादाता को निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 3000.00 (तीन हजार) रू0 मात्र को गेट मनी के रूप में प्रत्येक निविदा हेतु अलग से, जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं को अग्रधन की राशि तुरंत वापस कर दी जायेगी। सफल निविदादाता द्वारा दी गई अग्रधन राशि प्रतिभूति राशि में समायोजित कर ली जायेगी। इच्छुक निविदादाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन कार्यालय अवधि में काष्ठ संग्रहण केन्द्र, तपेज में प्रकाष्ठों का निरीक्षण कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में दिनांक 24.02.2026 से 18.03.2026 तक 200.00 (दो सौ) रू0 मात्र शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते हैं, बशर्ते कि विहित प्रपत्र में निविदा, अग्रधन राशि सहित मुहरबंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को 2.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में प्राप्त हो जाय। विस्तृत सूचना एवं निविदा की शर्तों के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क0 सं0 | काष्ठ का प्रकार | लॉट की संख्या | निविदा खोलने की तिथि | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बोटा/टोना | 9 | 18.03.2026 | 03.00 बजे अपराह्न |
| 02 | जलावन | 21 | | |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड, जी0एस0टी0 एवं पहचान पत्र का छायाप्रति जमा करना होगा।

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा

PR 373661 Forest, Environment and Climate Changes (25-26)_D


## शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर का 10वां वार्षिकोत्सव, भंडारा आयोजित

# धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता बढ़ती है : बैद्यनाथ राम

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित राजहार मोड़ के पास अवस्थित शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के 10वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम एवं भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य राजधनी प्रसाद यादव ने नौ कन्याओं का पूजन कर भंडारा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में समरसता एवं सौहार्द बढ़ता है और ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक उर्फ चामू साव ने बताया कि 24 फरवरी को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। 25 फरवरी को वेदी पूजन व पाठ तथा 26 फरवरी को भंडारा का आयोजन किया गया।

### जंगल में छापेमारी: दंपति 1.084 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार

**गिद्धौर (चतरा)।** किरकिरा जंगल के समीप पुलिस ने पति-पत्नी को 1 किलो 84 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राजू पासवान और आरती देवी के रूप में हुई है। छापेमारी एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में की गई। बाइक और मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नाबालिग की शादी रुकवाने पर बवाल, 50 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**सिमरिया (चतरा)।** सेरनदाग पंचायत में नाबालिग की शादी रुकवाने पर ग्रामीण उग्र हो गए। प्रशासन ने लगभग 50 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उम्र सत्यापन में बालिका 18 वर्ष से कम पाई गई। बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लूना सवार की मौत, एक घायल

**कुड़ू।** कुड़ू कैरो रोड में कुड़ू थाना क्षेत्र के टाटी नर्सरी के नजदीक गुरुवार को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से लूना सवार एक अधेड़ की मौत हो गयी। जबकि लूना में पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि कैरो थाना क्षेत्र के ग्राम अकासी निवासी सलीम अंसारी पिता स्व. खुदी अंसारी और सबूलान खातून पति राजाऊदीन अंसारी लूना से कही जा रहे थे, तभी टाटी नर्सरी के नजदीक अज्ञात वाहन के चपेट में आने के बाद पेड़ से टकराने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सलीम अंसारी का प्राथमिक उपचार कुड़ू सरकारी अस्पताल में करने के बाद रिम्स रेफर किया गया था, जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# लोहरदगा नगर निकाय चुनाव की मतगणना आज, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** नगर निकाय चुनाव के भाग्य का फैसला शुक्रवार को होने जा रहा है। कृषि बाजार प्रांगण में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 23 फरवरी को हुए मतदान के बाद अब 27 फरवरी को सुबह 7 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतगणना सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी डॉ. ताराचंद ने बताया कि मतगणना केंद्र की सुरक्षा के लिए तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। बिना वैध पास के किसी को भी परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना की प्रक्रिया को गति देने के लिए दो स्थानों पर क्रमशः 24 और 22 टेबल लगाए गए हैं, ताकि परिणाम जल्द घोषित किए जा सकें।

### अंगूठा लगाया तो वोट होगा अवैध

डीसी ने मतपत्रों की वैधता को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी मतदाता ने मतपत्र पर निर्धारित मुहर (स्टैम्प) लगाने के बजाय अपने अंगूठे का निशान लगाया है, तो वह वोट अमान्य माना जाएगा। ऐसे मतपत्रों की गणना नहीं की जाएगी।

प्रशासन ने विजयी प्रत्याशियों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। जीत के बाद यदि कोई उम्मीदवार जुलूस निकालना चाहता है, तो उसे जिला प्रशासन से विधिवत अनुमति लेनी अनिवार्य होगी। बिना अनुमति के जुलूस निकालने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। एक ओर जहाँ प्रशासन तैयारियों में जुटा है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा कांग्रेस व आजसू समर्थित उम्मीदवारों की जीत को लेकर सभी पार्टी पदाधिकारियों ने अभी से दावे ठोकने शुरू कर दिए हैं। अब देखना यह है कि ऊंट किस करवट बैठता है।

## मतगणना के दिन पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू, धारा-163 प्रभावी

- जीत के बाद बिना अनुमति नहीं निकलेगा जुलूस, 100 मीटर के दायरे में बाहरी प्रवेश वर्जित

**लोहरदगा।** नगर पंचायत आम निर्वाचन 2026 की मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। अनुमंडल दण्डाधिकारी अमित कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत सम्पूर्ण नगर पंचायत क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी कर दी है। यह आदेश मतगणना प्रक्रिया की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। प्रशासनिक आदेश के अनुसार, मतगणना के दौरान राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के कारण शस्त्र प्रदर्शन, शक्ति प्रदर्शन या आपसी विवाद के चलते लोक शांति भंग होने की प्रबल संभावना रहती है। इसी को देखते हुए मतगणना केंद्र (कृषि बाजार समिति) और आसपास के क्षेत्रों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह निषेधाज्ञा ड्यूटी पर तैनात सरकारी पदाधिकारियों, पुलिस बल, मजिस्ट्रेट और निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों पर लागू नहीं होगी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### इन नियमों का पालन करना होगा अनिवार्य

**परिधि का निर्धारण :** मतगणना परिसर के 100 मीटर के दायरे के बाहर ही अभ्यर्थी अपने बैठने की व्यवस्था कर सकेंगे।
**ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक :** शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी अभ्यर्थी या निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित रहेगा।
जुलूस और जयघोष पर पाबंदी : परिणाम आने के बाद मतगणना परिसर में किसी भी प्रकार का जयघोष, जुलूस या रैली निकालने की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए एसडीओ से विधिवत अनुमति लेना आवश्यक होगा।
**विवादित टिप्पणी पर रोक :** किसी भी व्यक्ति, धर्म या संगठन के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणी करना प्रतिबंधित है, जिससे आपसी सौहार्द बिगड़ने का खतरा हो ।
**वाहनों का प्रवेश :** मतगणना परिसर में केवल निर्वाचन कार्य और विभाग से जुड़े वाहनों को ही प्रवेश मिलेगा। प्रत्याशियों के निजी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

## श्रद्धा भाव से संपन्न हुई श्रीमद्भागवत महापुराण कथा



- अखंड हरिकीर्तन भी हुआ, आज रात्रि में छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित होगा जागरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ सम्पन्न हुआ। श्रीमद्भागवत गीता कथा के अंतिम दिन व्यास पूजन,भंडारा और भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तों द्वारा भगवान श्री कृष्ण को विदाई दी गई। श्रीमद्भागवत की कथा ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का संदेश देती है.जिसे वाचक द्वारा भक्तों को सात दिनों तक सुनाया जाता है। उक्त कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय के समीप नव निर्मित दुर्गा मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सेन्हा में आयोजन समिति द्वारा आयोजित कराया गया था.सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का भक्ति भाव से बुधवार देर रात समापन हुआ.भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या व्यास विष्णु चित महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण कराया गया.विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का राक्षसों का संहार कर धरती को पापमुक्त कराने का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, कुरीति, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस का अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया गया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। साथ ही श्रध्लु भक्तों को बताया गया।

श्री व्यास जी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से अनेको ज्ञान के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम भक्ति व प्रेम के माध्यम से संभव है। तथा हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। बताते हुए नया समाज और संगठित होने का संदेश दिया गया। श्रीमद भागवत महापुराण कथा समापन के दूसरे दिन से आयोजित हुआ 12 घंटे का हरिकीर्तन इसके समापन के पश्चात रात्रि में छठ पूजा समिति सेन्हा के सौजन्य से जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उपरोक्त सभी धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न समिति का सहयोग प्राप्त हो रहा है। ग्रामीणों कि योगदान भी सराहनीय है। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। वही श्रीमद्भागवत गीता प्रवचन के उपरांत समिति के द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भक्तों के बीच नित्य दिन प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

#### मतगणना को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीसी व एसपी ने मतगणना केंद्र का किया संयुक्त निरीक्षण

# मतगणना परिसर में केवल अधिकृत पासधारकों को ही प्रवेश की अनुमति

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के तहत 27 फरवरी को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में गुरुवार शाम लगभग 5 बजे जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद एवं पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कृषि बाजार समिति परिसर स्थित मतगणना केंद्र का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतगणना कक्ष, प्रवेश एवं निकास द्वार, अभ्यर्थियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली तथा सुरक्षा प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मतगणना कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मतगणना परिसर में केवल अधिकृत पासधारकों को ही प्रवेश की अनुमति होगी तथा अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए अतिरिक्त बैरिकेडिंग एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ करने को कहा।

पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना केंद्र एवं उसके आसपास शांति और सुव्यवस्था बनाए रखने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नगरपालिका निर्वाचन की मतगणना आज सुबह 8 बजे से

**लोहरदगा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 अंतर्गत डाले गये मतों की गणना आज सुबह आठ बजे से कृषि बाजार समिति, लोहरदगा में बनाये गये मतगणना केंद्र में होगी। मतों की गणना के लिए प्रतिनियुक्त काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट, एडिशनल काउंटिंग असिस्टेंट का प्रशिक्षण आज मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जिला नदिया हिंदू विद्यालय लोहरदगा में हुआ। प्रशिक्षण का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ ताराचंद ने किया जिसमें उन्होंने मतगणना कर्मियों को त्रुटिरहित मतगणना का कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही, प्रशिक्षण में बताये गये बिंदुओं और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निदेशित बिंदुओं का अक्षरश: पालन करने का निदेश दिया। नगरपालिका (आम) निर्वाचन अंतर्गत 23 फरवरी को मतदान हुआ था जिसमें कुल 43070 मतदाताओं में से 29643 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया था। मतों की गिनती दो राउण्ड में होगी जिसके लिए 24 टेबल बनाये गये हैं। मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना में विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रशिक्षण के दौरान अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद दास, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 'साइलेंट वोटर' तय करेंगे शहर की सरकार, आज हटेगा पर्दा

- अध्यक्ष पद पर दिग्गजों की साख दांव पर, वार्डों में कहीं 'डायरेक्ट फाइट' तो कहीं त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नगर परिषद चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब शहर के चौक-चौराहों पर हार-जीत के गणित को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मतपेटियों में बंद 112 प्रत्याशियों (10 अध्यक्ष और 102 पार्षद) की किस्मत का फैसला आज कृषि बाजार में होगा। लेकिन मतदान के रुझान और मतदाताओं की चुप्पी ने कई दिग्गजों की नींद उड़ा दी है। अध्यक्ष पद के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिससे मतों का बिखराव होना तय माना जा रहा है। भाजपा समर्थित अनिल उराँव, कांग्रेस के संतोष उराँव, जेएमएम के बालमुकुन्द लोहरा और आजसू के राजेन्द्र लोहरा के बीच चतुष्कोणीय मुकाबले की चर्चा है, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशियों ने जिस तरह से स्थानीय पैठ बनाई है, उससे पासा पलट भी सकता है। वार्ड 11 और वार्ड 21 जैसे बड़े मतदान केंद्रों से मिलने वाली बढ़त किसी भी प्रत्याशी के लिए संजीवनी का काम करेगी। 23 वार्डों के पार्षद चुनाव में इस बार मतदाताओं ने प्रत्याशियों को खूब छकाया है। जहाँ 9 प्रत्याशी मैदान में हैं, वहाँ जीत का अंतर बेहद कम रहने की संभावना है। यहाँ 'वोट कटवा' फैक्टर सबसे ज्यादा प्रभावी दिख रहा है। वार्ड 01, 10, 12, 13 और 17 में केवल दो-दो उम्मीदवार होने से मुकाबला आर-पार का है। यहां व्यक्तिगत छवि और सीधा संपर्क ही जीत की चाबी साबित होगी। वार्ड 02, 03, 04 और 07 में केवल महिला प्रत्याशियों के बीच संघर्ष है। इन वार्डों में महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जिससे परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं। कुल 29,643 मतों के साथ इस बार का रुझान विकास और बुनियादी सुविधाओं की ओर ज्यादा झुका नजर आ रहा है। वार्ड 11 में पड़े सबसे अधिक 2022 मत यह संकेत दे रहे हैं कि इस क्षेत्र का मतदाता सबसे अधिक जागरूक रहा है, जो अध्यक्ष पद के चयन में बड़ी भूमिका निभाएगा। 27 फरवरी को होने वाली मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। दो कमरों में 12-12 बूथों की गणना और 24 एजेंटों की तैनाती की व्यवस्था ने पारदर्शिता सुनिश्चित की है। प्रत्याशियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने गणना अभिकर्ताओं को पूरी तैयारी के साथ भेजें। फिलहाल लोहरदगा की जनता ने अपना फैसला मतपेटियों में दर्ज कर दिया है। अब देखना यह है कि 'नगर की सरकार' का ताज किसके सिर सजता है और किसे अगले पांच साल विपक्ष में बैठकर जनता की आवाज उठानी होगी।

## बाल विवाह के विरुद्ध सेन्हा में शंखनाद, जागरुकता रथ रवाना

**सेन्हा।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से मिटाने के लिए गुरुवार को सेन्हा प्रखंड मुख्यालय से एक विशेष जागरूकता अभियान का आगाज किया गया। उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद के निर्देशानुसार, बीडीओ संग्राम मुर्मू और सीओ पंकज कुमार भगत ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व अधिकारियों और कर्मियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस कुप्रथा को रोकने का संकल्प लिया। यह जागरूकता रथ प्रखंड की विभिन्न पंचायतों और गांवों का भ्रमण करेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को यह समझाना है कि बच्चों का भविष्य संवारने का सही समय उनकी शिक्षा का है, न कि विवाह का। मौके पर उपस्थित अधिकारियों और अंचलकर्मियों ने सामूहिक रूप से बाल विवाह न कराने और समाज को जागरूक करने की शपथ भी ली। बीडीओ संग्राम मुर्मू ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसार लड़कों के लिए: विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है। लड़कियों के लिए: न्यूनतम आयु 18 वर्ष अनिवार्य है। अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित उम्र से पहले शादी करना न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है। यदि कोई माता-पिता कानून का उल्लंघन करते पाए जाते हैं, तो उन्हें आर्थिक दंड के साथ जेल की सजा भी भुगतनी पड़ सकती है। मौके पर त्रिवेणी भगत, अजय कुमार वर्मा, डॉली तिर्की, वंदना कच्छप, संदीप रजक, सुजीत उरांव, विशाल सिंह, आशुतोष पाठक, संगीता गाड़ी सहित कई प्रखंड व अंचलकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## श्रद्धा के सागर में डूबा बरसलोया : रात्रि रथ यात्रा महोत्सव का दिव्य शुभारंभ

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत बरसलोया गांव में छह दिवसीय रात्रि रथ यात्रा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार कर उन्हें लकड़ी एवं लोहे से निर्मित आकर्षक रथ पर विराजमान कराया गया। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजा रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पुजारी लखेश्वर पंडा ने पारंपरिक रीति से पूजा संपन्न कर गांव की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

## सड़क हादसा में महिला समेत चार घायल

**सेन्हा।** सड़क दुर्घटना में महिला सहित चार लोग घायल हो गए। जन्हें स्थानीय लोगो के मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरदगा घाघरा एनएच 143 ए मुख्य पथ पर गुरुवार को सुबह भड़गांव में टायर दुकान के समीप हुआ। वही सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन लोगो को गम्भीर चोटें आई है। जबकि स्थानीय लोगों द्वारा टेम्पू चालक को भी चोटिल होने की बात बताई जा रही है। घायलों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के चमडू निवासी लोहरा टाना भगत के पुत्र फगुआ टाना भगत, पुनई उरांव की पत्नी सरीता उरांव, फगुआ टाना भगत की पत्नी प्रभा उरांव के रूप में किया गया है। तथा टेंपू चालक की पहचान भड़गांव निवासी हातिम अंसारी के पुत्र जुबेर अंसारी के रूप में किया गया है। तीनों घायलों को कल्हेपाट निवासी स्वर्गीय जमरुद्दीन अंसारी के पुत्र जमाल अंसारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा पहुंचाया गया। और क्षतिग्रस्त वाहन को थाना पहुंचाने में पुलिस का सहयोग किया गया। जब की टेम्पू चालक को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। तीनो घायलों का प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मोटरसाइकिल जेएच 08 के 7750 पर सवार हो दंपति अपने सास के साथ लोहरदगा की ओर जा रहे थे। उसी बीच भड़गांव में टेंपू जेएच 08 जी 7526 के चपेट में आ गए जिससे मोटरसाइकिल सवार एवं टेंपू चालक के बीच दुर्घटना होने पर सभी को गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है।

#### पीएमश्री विद्यालयों के जिला स्तरीय खेलकूद व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बोलीं जिला शिक्षा पदाधिकारी

# खेल स्पर्धा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** जिले से सभी पीएमश्री विद्यालयों के छात्र छात्राओं के खेलकूद एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया, हिन्दू, लोहरदगा के मिनी स्टेडियम, लोहरदगा में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन के प्रथम दिवस अंडर 15 और अंडर 17 बालिकाओं के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद एवं वार्षिकोत्सव का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा दास सुनन्दा चंद्रमौलेश्वर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों की क्षमता किसी भी अन्य विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों से कम नहीं हैं। उनके अंदर भी असीम प्रतिभा है। शिक्षक सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों को सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित ना रखें बल्कि उनकी प्रतिभा में खेलकूद के माध्यम से निखार आ रहा है। जिसमें ये छात्र अपना करियर के रूप में चयन कर सकते हैं।

अंडर 15 बालिका में कुल 7 टीमों के द्वारा भाग लिया गया। पहला सेमीफाइनल उत्क्रमित मध्य विद्यालय सढ़ाबे, कैरो और उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिढ़नी, पेशरार के बीच खेला गया। जिसमें सढ़ाबे विजयी हुआ। द्वितीय सेमीफाइनल केजीबीभी, किस्को और केजीबीभी, सेन्हा के बीच खेला गया। जिसमें केजीबीभी किस्को विजयी हुआ। अंडर 15 फाइनल मैच सढ़ाबे और केजीबीभी, किस्को के बीच खेला गया। जिसमें विजेता केगीबिभी किस्को हुई। तृतीय स्थान पर केगीबिभी सेन्हा की टीम रही।

अंडर 17 बालिका में कुल 5 टीमें भाग ली। फाइनल मैच केगीबिभी सेन्हा और केगीबिभी किस्को के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में केगीबिभी सेन्हा विजयी हुई। उपविजेता केगीबिभी किस्को और तृतीय स्थान पर पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुजरा की टीम रही। दिनांक 27.02.2026 को अंडर 15 और अंडर 17 बालकों के फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मोनिदेपा बनर्जी,सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, एमलीन सुरीन, क्षेत्र प्रबंधक, आकश कुमार, सीआरपी, जीतेन्द्र मित्तल, खेल शिक्षक पंकज कुमार, रामरती प्रजापति, संजय उरांव, उर्सुला कुजूर, अनिल उरांव, मोहित मुकेश, रंजू साहू, खुशबू कुमारी, विशाल संदीप कुजूर, संतोष टोप्पो, सुनील तिर्की आदि द्वारा सफलता पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन कराया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
(अनावद्ध मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/50/2025-26
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Utkramit Middle School Turisot in Panchayat Chakla Block Chandwa Dist Latehar | 2498000 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.02.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.02.2026 से दिनांक 12.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.03.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।
12. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार
PR 373641 Rural Development(25-26)#D



**कार्यालय–कार्यपालक अभियंता,**
**एन0आर0ई0पी0, लातेहार**
(E-mail ID- nrep.ltr@gmail.com)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि PR No. 370609 NREP (25-26)_D द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–21/2025-26/EE/NREP/LATEHAR को अपरिहार्य करणों से रद्द किया जाता है ।

PR 373656 Rural Development(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार



**प्रपत्र VII समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**
**अधिघोषणा संख्या 114/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 19/02/2026**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना नगर उंटारी–भवनाथपुर–खरौंधी–डाला पथ (यू0पी0 बोर्डर) चौड़ीकरण योजना हेतु ग्राम–बनसानी, थाना नं0–15, थाना–भवनाथपुर, अंचल–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा में कुल :–0.31 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.31 एकड़ है और जो ग्राम–बनसानी, थाना नं0–15, थाना–भवनाथपुर, अंचल–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 26 | 1704 | रैयती | टॉड 2 | 0.31 | उदयनाथ राम, पिता–रामकिशुन राम | 1705 | रास्ता | नदी | 1703 |
| | | | | कुल :– | 0.31 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–बनसानी, थाना नं0–15, थाना–भवनाथपुर, अंचल–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

PR 373669 Land Reforms(25-26)D

उपायुक्त,गढ़वा।

# न्यूज बॉक्स

## नगर निकाय मतगणना को लेकर पुलिस बल को दिए गए सख्त निर्देश




**गुमला।** नगर निकाय चुनाव की मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में गुरुवार को कार्तिक उरांव महाविद्यालय परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी गुमला राजीव नीरज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला सुरेश प्रसाद यादव द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर अधिकारियों और पुलिस बल की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। यह महत्वपूर्ण ब्रीफिंग उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो एवं जनरल ऑब्जर्वर कमल कांत गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, प्रवेश-निकास प्रबंधन, पास सत्यापन, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा आपात स्थिति से निपटने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतगणना केंद्र और उसके आसपास शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ मुस्तैदी से कार्य करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, गड़बड़ी या अवांछित गतिविधि पर त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## पालकोट में शांतिपूर्ण माहौल में हुई 11वीं की परीक्षा, 151 छात्र हुए शामिल



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड स्थित कंदर्प +2 उच्च विद्यालय में झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल, रांची द्वारा आयोजित 11वीं कक्षा (साइंस एवं कॉमर्स) की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर कुल 151 छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कॉमर्स संकाय में 53 एवं साइंस संकाय में 98 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 4 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र अधीक्षक ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों ने अनुशासन और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र पर आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

## सड़क सुरक्षा को लेकर गुमला में चला सघन जांच अभियान, वसूला गया जुर्माना

**गुमला।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 26 फरवरी 2026 को गुमला-रांची मुख्य मार्ग पर जिला परिवहन विभाग द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभिन्न वाहनों की जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से कुल 45,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। जांच अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने कई प्रमुख बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया, जिनमें शामिल हैं— अमान्य कागजातः ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और रोड टैक्स के बिना वाहन चलाना। ओवरलोडिंगः ट्रक, हाइवा और पिकअप जैसे मालवाहक वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सामान लादना।

## सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन की अनोखी पहलः अब बच्चे बनेंगे 'ट्रैफिक गुरु'



**गुमला।** 26 फरवरी 2026ः सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुमला जिला प्रशासन ने एक अनूठी और भावनात्मक पहल शुरू की है। जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत गुरुवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय, टोटो में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बच्चों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताया गया। कार्यक्रम के दौरान मोटरयान निरीक्षक ने कक्षा 4 से 7 तक के छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक सीसीटीवी वीडियो दिखाए।

## कार्तिक उरांव महाविद्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी वोटों की गिनती

**गुमला।** नगर परिषद गुमला के अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के लिए हुए चुनाव की मतगणना 27 फरवरी को कार्तिक उरांव महाविद्यालय स्थित मतगणना केंद्र में होगी। जिला प्रशासन के अनुसार मतों की गिनती पूरी कर परिणाम उसी दिन शाम तक घोषित कर दिए जाएंगे। मतगणना केंद्र में कुल 22 टेबल लगाए गए हैं, जहां प्रत्येक टेबल पर तीन-तीन मतगणना कर्मी प्रतिनियुक्त रहेंगे। मतगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण में बूथ संख्या 1 से 11 तक और दूसरे चरण में बूथ संख्या 12 से 22 तक के मतों की गिनती की जाएगी। इसके बाद अध्यक्ष पद के परिणाम की घोषणा की जाएगी। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 9 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि वार्ड पार्षद पद के लिए 112 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। मतगणना केंद्र पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी तथा करीब 300 पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी।

## मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक, ई केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा एवं उप प्रमुख प्रमोद खलखो की संयुक्त अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं और लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान बीडीओ यादव बैठा ने कार्य प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए प्रखंड कर्मियों और रोजगार सेवकों को स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर दी है।अगले एक सप्ताह के भीतर प्रखंड के सभी संबंधित लाभुकों का 90% ई केवाईसी कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं उससे पूर्व की सभी लंबित योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि इन पुरानी योजनाओं का जिओ टैगिंग करते हुए कार्य संपन्न कराएं।

### बीडीओ कार्यालय में एमडीएम स्टीयरिंग एवं मॉनिटरिंग कमिटी की हुई बैठक

# पारदर्शिता व गुणवत्ता पर दिया जोर

- पोषण वाटिका, किचन गार्डन, तिथि भोजन कार्यक्रम व एसएमएस रिपोर्टिंग की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय स्थित बीडीओ अरुण कुमार सिंह के कार्यालय कक्ष में गुरुवार को एमडीएम स्टीयरिंग एवं मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह ने की।बैठक में विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति,मध्याह्न भोजन (एमडीएम)के सुचारू संचालन,पोषण वाटिका एवं किचन गार्डन की व्यवस्था, तिथि भोजन कार्यक्रम,आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा प्रतिदिन एसएमएस रिपोर्टिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में एमडीएम योजना का संचालन पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए,ताकि बच्चों को पौष्टिक आहार का लाभ नियमित रूप से मिल सके।बैठक में सावित्री बाई फुले योजना के तहत फॉर्म भरने में आ रही तकनीकी एवं अन्य दिक्कतों पर भी चर्चा हुई।संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कर पात्र छात्राओं को योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जाए।इसके अलावा छात्र-छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य जांच, फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दवा खिलाने,तथा स्कूली बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र निर्माण से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।अधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ हर पात्र बच्चे तक पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के अंत में बीडीओ ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया,ताकि प्रखंड के विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पोषण संबंधी व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ हो सकें। बैठक में सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अंशुल टोप्पो, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मंजू खाखा,बीपीओ सूरज लकड़ा,बीआरपी समीम एजाज,सीआरपी भूषण केशरी,विजय कुमार,शशि भूषण साहू,नूर एहसान, शिक्षक नकुल सरकार,गुलाम अर्जक जाहिद,सोनिया देवी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## अवैध जमीन बिक्री के मामले में अंचलाधिकारी ने दाखिल-खारिज पर लगाई रोक

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड में अवैध रूप से जमीन बिक्री और दाखिल-खारिज कराने के प्रयास का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद अंचलाधिकारी ने हस्तक्षेप करते हुए संबंधित जमीन की दाखिल-खारिज प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिसई बस्ती निवासी स्वर्गीय जसीमन खातून ने सिसई मौजा के खाता संख्या 178, प्लॉट संख्या 2963 व 2965 में क्रमशः 31 और 25 डिसमिल, कुल 56 डिसमिल तथा कुदरा मौजा के खाता संख्या 54, प्लॉट संख्या 772 में 21 डिसमिल जमीन खरीदी थी। इस प्रकार कुल 77 डिसमिल जमीन उनकी स्वयं अर्जित संपत्ति बताई जा रही है।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, जसीमन खातून के निधन के बाद उक्त जमीन पर उनके नौ पुत्र-पुत्रियों— फातमा खातून, अनवर अंसारी, हारून रशीद अंसारी, बजेगा खातून, नासरीन बीबी, मो. मामून अंसारी, असलम अंसारी, असरफुन निशा और मो. अकील अंसारी—का समान अधिकार है और सभी वर्षों से जमीन पर दखल-कब्जा रखते हुए नियमित मालगुजारी भी जमा करते आ रहे हैं। आरोप है कि उनके 92 वर्षीय पिता अब्दुल सतार अंसारी, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जा रहे हैं, से कथित रूप से छल-कपट कर संझले पुत्र मो. मामून अंसारी ने अपने नाम जमीन की रजिस्ट्री करा ली और दाखिल-खारिज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस कार्य में एक अन्य भाई हारून रशीद अंसारी के सहयोग का भी आरोप लगाया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर अन्य भाई-बहनों ने 9 फरवरी 2026 को अंचल कार्यालय सिसई में सामूहिक आवेदन देकर दाखिल-खारिज पर रोक लगाने की मांग की थी।

### नगर परिषद और ब्रह्माकुमारी संस्थान का संयुक्त स्वच्छता अभियान

# विद्यालय में चला विशेष सफाई कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण को लेकर गुमला में नगर परिषद और ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर परिषद के कर्मियों, विद्यालय के विद्यार्थियों तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें अपने घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। नगर परिषद गुमला के प्रशासक मनीष कुमार ने अपने संदेश में कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हर नागरिक और विद्यार्थी का कर्तव्य है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जागरूक बनें और कचरा केवल कूड़ेदान में ही डालें, ताकि गुमला को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। वहीं ब्रह्माकुमारी संस्थान गुमला की संचालिका ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने कहा कि बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ मन की स्वच्छता भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब मन सकारात्मक और स्वच्छ होगा, तभी हम समाज और शहर को स्वच्छ बनाने में प्रभावी योगदान दे सकेंगे।

## नाबालिग की शादी रुकवाने पहुंची सीडबल्यूसी की टीम

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के भदौली पंचायत अंतर्गत सकरौली गांव में एक नाबालिक लड़की का विवाह किया जा रहा था। जिसपर सकरौली गांव से ही किसी ने 112 नम्बर पर कॉल करके इसकी सूचना दी और बताया कि रमेश साहु अपनी नाबालिक लड़की का विवाह कर रहा है सूचना के आधार पर सी डबल्यू सी गुमला की टीम और सिसई थाना के गश्ती कर रहे पुलिस टीम दोनों सकरौली गांव लड़की के घर पहुंचे। जहां उसके परिवार वालों से जांच के लिए लड़की के जन्म से संबंधित दस्तावेज मांगा गया। जांच के लिए स्कूल सर्टिफिकेट दिया गया जिसमें लड़की की उम्र अभी 16 वर्ष ही है। इसके बाद सी डबल्यू सी एवं सिसई पुलिस लड़की और उसके माता पिता को सिसई थाना लेकर आये।

## एक मार्च को लगेगा वार्षिक फागुन मेला

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो(गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित होने वाला वार्षिक फागुन मेला इस वर्ष आगामी 1 मार्च 2026,दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा।मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में प्रखंड कार्यालय भरनो द्वारा मेला संचालन के लिए डाक (नीलामी) की प्रक्रिया पूरी कर ली गई।गुरुवार को बीडीओ कार्यालय कक्ष में बीडीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में डाक प्रक्रिया प्रारंभ की गई।इस दौरान डाक वक्ता के रूप में शिव कुमार केशरी,मनसा उरांव, प्रदीप शाही,कृष्णा उरांव, शेख आमीन और चंगेज खान उपस्थित थे।इस खुली डाक की शुरुआत न्यूनतम 18,010 रुपये से की गई। तीन दौर तक चली बोली प्रक्रिया के बाद शिव कुमार केशरी ने सर्वाधिक 19,030 रुपये की बोली लगाकर मेला का डाक अपने नाम कर लिया।डाक प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फागुन मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है।उन्होंने प्रखंड के सभी आम एवं खास नागरिकों तथा इच्छुक व्यक्तियों से मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से मेले को शांतिपूर्ण,व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए आवश्यक तैयारी की जाएगी।गौरतलब है कि हर वर्ष फागुन माह में आयोजित होने वाला यह मेला स्थानीय ग्रामीणों के लिए मनोरंजन,व्यापार और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होता है।मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें, झूले,पारंपरिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहते हैं।इस वर्ष भी मेले को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।इस अवसर पर प्रमुख पारस नाथ उरांव, पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम,मोहम्मद शबीर,अभिषेक गुप्ता, मुकेश उरांव,कपिल गोप, सुदामा केशरी,मुरारी केशरी,पीके सिंह,मनोज उरांव, श्याम उरांव,रतन केशरी, विष्णु उरांव, मीर आरिफ, दिलीप उरांव, मोक्तार आलम,सुदर्शन महली,विवेक केशरी,विजय गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं होली



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न कराने हेतु चैनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की जनता से आपसी प्रेम और एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की अपील की।बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इस वर्ष होली का समय बेहद संवेदनशील और खास है। उन्होंने कहा जहाँ एक ओर हिंदू भाई होली के उमंग में रहेंगे, वहीं मुस्लिम समुदाय का पवित्र रोजा और ईसाई समुदाय का चालीसा पर्व भी चल रहा है। हमारा क्षेत्र अपनी एकता के लिए जाना जाता है। रंग खेलते समय यह सुनिश्चित करें कि किसी की इबादत या धार्मिक परंपरा में खलल न पड़े।सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए पुलिस अंचल निरीक्षक जितेंद्र राम ने सख्त लहजे में कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंग मचाने वालों और अश्लील गाने बजाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने शांति समिति के सदस्यों को 'पुलिस के आंख और कान' बनकर काम करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना थाना को देने का निर्देश दिया।अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता और जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने संयुक्त रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए कहा कि होली को कीचड़ या हानिकारक रासायनिक रंगों के बजाय अबीर-गुलाल से मनाएं।

# सिसई विधायक ने भरनो–कामडारा अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा सदन में उठाया

- भरनो और कामडारा प्रखंड के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और नर्सों की कमी पर चिंता जताई

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो।** सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने गुरुवार को विधानसभा सत्र के दौरान गुमला जिले के भरनो और कामडारा प्रखंड स्थित सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और नर्सों की कमी एवं अनियमित उपस्थिति का गंभीर मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से इस दिशा में ठोस और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की।

विधानसभा में अपनी बात रखते हुए विधायक होरो ने कहा कि सिसई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भरनो और कामडारा के सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य व्यवस्था काफी लचर हो गई है। अस्पतालों में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की नियमित उपस्थिति नहीं होने के कारण मरीजों को समय पर समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के ग्रामीण बड़ी उम्मीद के साथ अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता है।

विधायक ने आसन के माध्यम से सरकार से मांग की कि दोनों अस्पतालों में डॉक्टरों और नर्सों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मिल सके। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी और ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

विधानसभा में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद भरनो और कामडारा सहित पूरे सिसई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई थी, लेकिन पहली बार इसे गंभीरता से सदन में उठाया गया है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि सरकार और संबंधित विभाग जल्द कार्रवाई करते हुए अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार करेंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।

कार्यालय- कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
(E-mail ID- nrep.ltr@gmail.com)

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि PR No. 372611 (Rural Development) 25-26 (D) द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 22/2025-26/EE/NREP/LATEHAR को अपरिहार्य करणों से रद्द किया जाता है ।

PR 373651 Rural Development (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

झारखण्ड सरकार
कार्यालय, अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा।
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
दूरभाष–06541-253001.253420 (O) Jharnet IP. No.:-22057
Email ID- dj-chatra@jharkhandmail.gov.inchatra8.jail@gmail.com

निविदा रद्द संबंधी सूचना

मंडल कारा, चतरा में विभिन्न खाद्यान्नों, एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु वार्षिक अवधि दिनांक– 01.04.2026 से 31.03.2027 तक की ई0 निविदा जिसका PR No.-371393 (Home Prison & Disaster Management ) 25-26 : (D) को अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा, चतरा

PR 373715 (Home, Prison And Disaster Management) 25-26 (D)

झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

अल्पकालिक निविदा सूचना

TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q2/2026/686

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, माँस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रणं (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.04.2026 से 30.06.2026 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 08.03.2026 से 14.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 08.03.2026 से 14.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample)जमा करने की तिथि। | तिथि– 15.03.2026 से 16.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 15.03.2026 से 16.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 17.03.2026 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू।

PR.NO.373681 District(25-26):D

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

अल्पकालिक निविदा सूचना

TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Y/2026/687

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, माँस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक निविदा दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 08.03.2026 से 14.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 08.03.2026 से 14.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 15.03.2026 से 16.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 15.03.2026 से 16.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 17.03.2026 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 373680 District(25-26)#D

